RNI NO.- MPBIL/2020/79198

# उद्घोष समय

वर्ष 05 अंक 88 | सतना, बुधवार 17 सितंबर , 2025 | पृष्ठ: 4, मूल्य : 1 रूपए

# स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग, भोपाल वासियों को स्वदेशी वस्तुओं की आत्मीयता का कराएगा अनुभव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दिल्ली हाट के रूप में विकसित होगा भोपाल हाट,स्वदेशी मेले से हुई सेवा पखवाड़ा की शुरूआत

### स्वदेशी मेले में मिल रही है गांवों की बहन-बेटियों द्वारा बनाई एलईडी

**भोपाल एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्म दिवस पर सेवा का संकल्प लेते हुए सेवा पखवाड़े के माध्यम से %वोकल फॉर लोकल% की भावना को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप देश में स्वदेशी के अभियान को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 02 अक्टूबर तक सबका साथ-सबका विकास के भाव से जन भागीदारी, स्वच्छता और कल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। भोपाल हाट में लगा स्व-सहायता समूहों का %स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग%, इन गतिविधियों की शुरूआत है। मेले में 40 स्व-सहायता समूह भाग ले रहे हैं। इससे लगभग 3 हजार 600 से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। आगामी तीज-त्यौहारों के दृष्टिगत यह स्वदेशी मेला महत्वपूर्ण है, इससे भोपाल वासी स्वदेशी उत्पादों की आत्मीयता का अनुभव ले सकेंगे। इसके माध्यम से गांवों में घर-घर में बनने वाली वस्तुओं को बाजार और प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इन गतिविधियों से ही आदि काल से भारत की पहचान रहे, स्वावलंबन के भाव को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वदेशी के उत्पाद अपने गांव, जिले और प्रदेश के गौरवान्वित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को ÷स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग÷ का भोपाल हाट में शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वदेशी मेला में लगे स्टॉल्स का अवलोकन किया, विक्रेताओं तथा सामग्री निर्माताओं से चर्चा की और वॉटर बॉटल बैग सहित अन्य सामग्री भी खरीदी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम भोजपुर के सिद्धी विनायक आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा लगाए गए चाट के स्टॉल पर पानी-पुरी का आनंद भी लिया।

### सनातन संस्कृति और विरासत से विकास के पथ पर देश अग्रसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरे पर प्रदेश में धूम-धाम से शस्त्र पूजन किया जाएगा। यह सौभाग्य का विषय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। स्वतंत्रता से पहले सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने कल्पना कर ली थी कि आजादी तो मिलेगी, लेकिन इसके बाद देश को आजाद रखने के लिए सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में देश भक्त नागरिकों की आवश्यकता होगी। वर्तमान में जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी के भाव के साथ सनातन संस्कृति और विरासत से विकास के पथ पर देश अग्रसर है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के योगदान के परिणामस्वरूप भारत ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी अन्नदाता, युवा, नारी सशक्तिकरण और गरीब सहित सभी वर्गों के लिये समर्पित भाव से निरंतर सक्रिय हैं।

### पीएम मित्र पार्क से खुलेंगे प्रदेश की समृद्धि के द्वार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का प्रदेश की धरती पर 17 सितम्बर को शुभागमन हो रहा है। वे पीएम मित्र पार्क की नीव रखेंगे। गरीब परिवार से निकले श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने से देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने अपने जन्म दिन पर सेवा पखवाड़े में माताओं-बहनों के लिए सेवा का संकल्प लिया है। %स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार% अभियान में प्रदेश भर में महिलाओं की सभी प्रकार की जांच होंगी, महिला के स्वस्थ होने से परिवार सशक्त होंगे। साथ ही



रोजगार के अवसरों के साथ ही प्रदेश में विकास के लिए सभी क्षेत्रों में कार्य हो रहा है। बड़ी संख्या में प्रदेश के किसान कपास उत्पादक हैं, कपास पर केन्द्रित उद्योगों से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। राज्य सरकार कपास उत्पादन और इससे जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मित्रा पार्क की नींव रखेंगे। पीएम मित्र पार्क धार-झाबुआ अंचल में एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और सबकी समृद्धि के द्वार भी खुलेंगे। यहां बने वस्त्र विश्व के सभी प्रमुख देशों तक जाएंगे। प्रदेश में होने वाले जैविक कॉटन की बेहतर गुणवत्ता के कारण सम्पूर्ण विश्व में इसकी मांग है। स्थापित हो रहे पीएम मित्र पार्क के परिणामस्वरूप प्रदेश के जैविक कॉटन को वैश्विक स्तर पर उचित महत्व मिल सकेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्व-सहायता समूह तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में भी फूड प्रोसेसिंग हो रही है। समूह की हमारी बहनों को केंद्र और राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। जिला स्तर पर स्व-सहायता समूहों के उत्पादों के मेले लगाए जाएंगे। भोपाल हाट को दिल्ली हाट के रूप में विकसित करने की योजना पर राज्य सरकार कार्य कर रही है। भारत जब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तो इसमें सबसे बड़ी भूमिका स्व-सहायता समूहों की होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को जन्मदिवस की बधाई भी दी।

### स्वदेशी मेले से करें त्यौहारों के लिए खरीददारी

विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के हर जिले में उद्योग केंद्र की स्थापना हो रही है। गरीब कल्याण हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिन स्वदेशी अभियान को समर्पित है। इस स्वदेशी बाजार में हुजूर विधानसभा के 40 स्व-सहायता समूहों की बहनों ने यहां अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए हैं।

## बिहार में नकलची सरकार, इसको उखाड़ फेंकिए हमारी बनाइए : तेजस्वी यादव



**नई दिल्ली एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार अधिकार यात्रा के दौरान जहानाबाद के गांधी मैदान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हजारों की भीड़ को संबोधित किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह यात्रा बेरोजगार युवाओं का अधिकार यात्रा है। आने वाले समय में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि आप लोग मिलकर हमारी सरकार बनाएंगे तो हमारी सरकार भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त सरकार बनेगी। तेजस्वी ने आगे कहा कि कोई भी अगर गड़बड़ी करेगा तो तेजस्वी यादव उसे छोड़ेंगे नहीं, सजा दिलाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोग मेरे स्वभाव को जानते हैं। हम अनुशासन में विश्वास रखने वाले हैं। चाहे कोई भी जाती या धर्म के लोग हो या अपराधी प्रवृत्ति के लोग, उसे सजा दिलाने का काम करेंगे। वर्तमान में बिहार में नकलची सरकार है। हम जो कहते हैं, उसी की यह सरकार नकल करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी माय बहीन योजना के तहत 2500 रुपया महीना महिलाओं को दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि 2020 में इसी गांधी मैदान में हमने युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी तो हमारे चाचा ने कहा था कि कहां से लाएगा पैसा अपने बाप के यहां से पैसा लाकर लोगों को वेतन देगा। तेजस्वी की बिहार अधिकार यात्रा 16 से 20 सितंबर तक कई जिलों को कवर करेगी। नया बिहार बनाने के संकल्प के साथ तेजस्वी यादव ने मंगलवार से बिहार अधिकार यात्रा की शुरुआत की है।

## असम की अफसर के घर मिले 2 करोड़ के जेवर: 92 लाख कैश बरामद; असम CM बोले- रिश्वत लेकर हिंदुओं की जमीन संदिग्धों के नाम की



**नई दिल्ली एजेंसी।** असम में जमीन घोटाले से जुड़ा बड़ा मामला सामने आया है। प्रदेश की हिमंता बिस्वा सरमा सरकार अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी बीच राज्य की सिविल सेवा अधिकारी नूपुर बोरा को गिरफ्तार किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने बारपेटा जिले में अपनी तैनाती के दौरान गैरकानूनी तरीके से हिंदू परिवारों की जमीन मुसलमानों को दिलवाई। यह मामला अब पूरे राज्य में विवाद का कारण बन गया है। असम सरकार पिछले कुछ महीनों से अवैध जमीन कब्जों पर कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा खुद कई बार कह चुके हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर गैरकानूनी तरीके से कब्जा की गई जमीन वापस ली जाएगी। इसी अभियान के दौरान नूपुर बोरा का मामला सामने आया। सीएम विजिलेंस टीम ने उन्हें लंबे समय तक पूछताछ के बाद आय से ज्यादा संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। नूपुर बोरा के गुवाहाटी स्थित आवास पर भी छापेमारी में 90 लाख रुपये कैश और 1 करोड़ रुपये से ज्यादा की किमत के सोने की ज्वैलरी को जब्त किया है। नूपुर बोरा पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कई हिंदू परिवारों की जमीन मुसलमान परिवारों को अवैध रूप से आवंटित करवाई। यह कदम न केवल प्रशासनिक नियमों के खिलाफ था बल्कि इससे समुदायों के बीच तनाव भी बढ़ा। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सरकार को इस तरह के मामलों की पूरी जांच करानी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# नेपाल की हिंसा के बाद बंगाल और केंद्र सरकार सतर्क सुरक्षा मसले पर राजनीतिक तल्खी से बनाई दूरी



**नई दिल्ली एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लगातार आमने-सामने हैं। 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही यह प्रतिद्वंद्विता और भी बढ़ गई है। इस बीच पड़ोसी देश नेपाल की घटनाओं ने इस चिर-परिचित समीकरण को बिगाड़ दिया है। ऐसे में अगर हालिया सियासी घटनाक्रमों को देखें तो लगता है कि सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा के मद्देनजर दोनों पक्षों को अब एक समझौते पर पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दरअसल, नेपाल के साथ बंगाल लगभग 100 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जिसमें सिलीगुड़ी का संवेदनशील चिकन नेक क्षेत्र भी शामिल है।

जनरेशन जेड (त्रद्दठ्ठ ) के विरोध प्रदर्शनों के साथ यह हिमालयी राष्ट्र राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है। हालांकि, अब जब सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली एक अंतरिम सरकार सत्ता में है, तब भी भारत ने सीमा पर सतर्कता में कोई ढील नहीं दी है, जो पिछले हफ्ते शुरू हुए उपद्रव के समय बढ़ा दी गई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, %ये राष्ट्रीय हित के मुद्दे हैं और इन मुद्दों पर तृणमूल-भाजपा के बीच कोई मतभेद नहीं है। हमें राष्ट्रीय हित के प्रति सावधान रहना चाहिए। सुरक्षा के मुद्दे पर हम एकजुट हैं।% राज्य के अपने हालिया दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का कोई जिक्र नहीं किया। पहली बार पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम में कोर कमांडरों की एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भाग लिया। सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा में सीमा सुरक्षा बल की तैनाती में वृद्धि शामिल है। सेना की तैनाती और निगरानी बढ़ा दी गई है और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) राज्य पुलिस के साथ मिलकर पानीटंकी में नेपाल और भारत को जोड़ने वाले पुल की निगरानी कर रहा है। केंद्र और राज्य के बीच भी व्यापक खुफिया जानकारी साझा की जा रही है। राज्य सरकार की अपनी खुफिया शाखा है और उसकी रिपोर्ट नियमित रूप से प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के कार्यालयों को भेजी जाती है। राज्य पुलिस प्रमुख राजीव कुमार खुफिया शाखा की रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय गृह सचिव के साथ संपर्क में हैं।

खुफिया सूत्रों ने बताया कि उन्हें काठमांडू के बाजार में चीनी मुद्रा उपलब्ध और उपयोग योग्य मिली है। इससे पड़ोसी देश में चीनी प्रभाव की मौजूदगी को लेकर खतरे की आशंका पैदा हो गई है। सूत्रों ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के बाद भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों ने भी अपनी सतर्कता बढ़ा दी है।

इससे पहले हाल ही में राज्यपाल सीवी आनंद बोस नेपाल सीमा का दौरा करने गए थे। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा जोखिम को देखते हुए राज्यपाल से यह विचार त्यागने का अनुरोध किया था, लेकिन राज्यपाल के दृढ़ निश्चय के साथ ममता बनर्जी ने राज्य पुलिस की मदद से सभी व्यवस्थाएं कर ली थीं। बोस फासीदेवा क्षेत्र गए, जहां उन्होंने बाड़ का निरीक्षण किया और उसकी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों से बातचीत की।

सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा में सीमा सुरक्षा बल की तैनाती में वृद्धि शामिल है। सेना की तैनाती और निगरानी बढ़ा दी गई है और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) राज्य पुलिस के साथ मिलकर पानीटंकी में नेपाल और भारत को जोड़ने वाले पुल की निगरानी कर रहा है। केंद्र और राज्य के बीच भी व्यापक खुफिया जानकारी साझा की जा रही है। राज्य सरकार की अपनी खुफिया शाखा है और उसकी रिपोर्ट नियमित रूप से प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के कार्यालयों को भेजी जाती है। राज्य पुलिस प्रमुख राजीव कुमार खुफिया शाखा की रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय गृह सचिव के साथ संपर्क में हैं।

## मॉरीशस के पीएम ने राजघाट पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

### राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत दौरे पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मंगलवार को दिल्ली में राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने भारत और मॉरीशस के संबंधों को मजबूत करने पर बात की।

बीते नौ सितंबर को भारत दौरे पर पहुंचे मॉरीशस के प्रधानमंत्री बीते लगभग एक हफ्ते में कई जगहों का दौरा कर मंगलवार को दिल्ली लौटे। दिल्ली आने के बाद उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। महात्मा गांधी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद रामगुलाम ने राजघाट में आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों के बीच संबंध अद्वितीय हैं और हमारे साझा इतिहास, भाषा, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री रामगुलाम के व्यापक नेतृत्व अनुभव से भारत-मॉरीशस के दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंध आने वाले समय में और भी मजबूत होंगे। इसके बाद मॉरीशस के पीएम ने कांग्रेस संसदीय दल की



अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। दिल्ली पहुंचने से पहले मॉरीशस के पीएम आंध्र प्रदेश के तिरुपति में तिरुमाला मंदिर के दर्शन किए। वे ब्रह्मऋषि आश्रम के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। आश्रम के सिद्ध गुरु सिद्धेश्वर ब्रह्मास्मि गुरुदेव स्वामी ने उन्हें राष्ट्रपिता जैसा बताया। उनकी सादगी और नेतृत्व की सराहना करते हुए सिद्ध गुरु ने कहा, मॉरीशस में यह संस्था 1,000 मिलियन डॉलर का निवेश कर शिक्षा व विकास में योगदान करेगी। स्वामी ने कहा कि रामगुलाम मॉरीशस के संस्थापक हैं, जिन्हें राष्ट्रपिता की तरह सम्मान दिया जा सकता है। उन्होंने उनकी सादगी और नम्रता की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी का आगमन सौभाग्य की बात है।

## अवैध प्रवासियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी : ट्रंप

**नई दिल्ली एजेंसी।** अमेरिका के डलास में भारतीय मूल के एक होटल प्रबंधक की हत्या के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने हमलावर को अवैध अप्रवासी बताया और इसके लिए पहले की बाइडेन सरकार की नीतियों को दोषी ठहराया। इस बीच अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और डीएचएस सचिव क्रिस्टी नोएम अब बर्बर अपराधियों को अमेरिका में और रहने की अनुमित नहीं देंगे।

डीएचएस ने टेकोलुका जेल का जिक्र करते हुए कहा कि यदि आप हमारे देश में अवैध रूप से आते हैं तो आप एस्वातिनी, युगांडा, दक्षिण सूडान या सीईसीओटी में पहुंच सकते हैं। अमेरिका में 50 वर्षीय भारतीय चंद्र नागमल्लैया की क्यूबा के एक अवैध अप्रवासी ने गला काटकर हत्या कर दी। उसका पहले से भी क्रिमिनल



रिकॉर्ड रहा है। आरोपी को राक्षस बताते हुए डीएचएस ने कहा, ÷चंद्र नागमल्लैया का सिर उनकी पत्नी और बच्चे के सामने काट दिया और मृतक के सिर को जमीन पर पटक दिया। इस अपराधी को क्यूबा ने लेने से मना कर दिया तो बाइडेन प्रशासन ने अमेरिका में एंट्री दे दी। अगर पहले की सरकार ऐसा नहीं की होती तो आज यह हत्या नहीं हुई होती।÷ डीएचएस ने आगे कहा कि यही कारण है कि एजेंसी आपराधिक अवैध विदेशियों को तीसरे देशों में भेज रही है।÷ डोनाल्ड ट्रंप ने नागमल्लैया को एक सम्मानित व्यक्ति बताते हुए आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा, ÷टेक्सास प्रांत में 10 सितंबर को डाउनटाउन सुइट्स होटल में वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद 50 वर्षीय भारतीय मूल के होटल प्रबंधक का उसकी पत्नी और बेटे के सामने सिर कलम कर दिया गया था। आपराधिक इतिहास वाले संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया था, जो होटल प्रबंधक का सहकर्मी है। इन अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। हमारे देश में ऐसा नहीं होना चाहिए था। ट्रंप ने कहा, ÷निश्चिंत रहें मेरे रहते इन अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी बरतने का समय अब खत्म हो गया है। होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम, अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी, बॉर्डर जार टॉम होमन और मेरे प्रशासन के कई अन्य लोग अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने में अद्भुत काम कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस

## 4 हफ्तों में जवाब मांगा; याचिकाकर्ता बोले- कानून अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देश के विभिन्न राज्यों में लागू धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाली याचिका को स्वीकार कर लिया है। उसने देश के कई राज्यों से इस कानून पर 4 हफ्तों में जवाब मांगा है। जिन राज्यों को नोटिस जारी किया गया है उसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक शामिल हैं। गौर करने वाली बात है कि इसमें बीजेपी शासित राज्य ज्यादा हैं। हिमाचल में कांग्रेस की इस समय सरकार हैं।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इन कानूनों का इस्तेमाल अंतरधार्मिक जोड़ों को परेशान करने और धार्मिक रीति-रिवाजों को प्रतिबंधित करने के लिए किया जा रहा है। मंगलवार को कोर्ट ने कहा कि वह इस याचिका पर



6 हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। कोर्ट इन कानूनों पर रोक लगाने वाले कई याचिकाओं पर विचार करेगा, जो अलग-अलग राज्यो में लागू कानूनों के खिलाफ दाखिल की गई हैं।

इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की बेंच ने की। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस कानून पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार किया। इस मामले में 4 हफ्ते में राज्य सरकारें नोटिस का जवाब देंगी और इसके बाद दो हफ्ते बाद याचिकाकर्ता अपना जवाब दाखिल करेंगे। मामले की सुनवाई कर रहे दोनों जस्टिस ने संकेत दिए इसके बाद ही वह इन कानूनों पर रोक लगाने पर विचार करेंगे। देश के कई राज्यों में लागू धर्मांतरण काननून के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद और सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस सहित विभिन्न संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हैं। इन लोगों ने आरोप लगाया कि इन कानून का इस्तेमाल विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। उनका दावा है कि अलग-अलग धर्म के जोड़ों को इसकी आड़ में परेशान किया जा रहा है। देश की टॉप कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की ओर से एड्वोकेट सृष्टि अग्निहोत्री को नोडल वकील नियुक्त किया। वहीं राज्यों की ओर से एडवोकेट रुचिरा गोयल को नोडल वकील नियुक्त किया गया। इस मामले की सुनवाई जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी ये कोर्ट और दोनों पक्षों के बीच संचार और समन्वय का काम करेंगे।

# देहरादून में बादल फटा, मंदिरों-घरों में पानी भरा, सड़कें बहीं,टोंस नदी में ट्रैक्टर बहने से 8 लोगों के मरने की खबर

### मंडी में 4 की मौत

**शिमला, देहरादून एजेंसी।** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटा। इससे तमसा, कारलीगाड़, टोंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास तपोवन, आईटी पार्क, घंगौरा, घड़ी कैंट इलाकों के कई घरों, दुकानों और मंदिरों में 5-6 फीट तक पानी भर गया। कई सड़कें भी बह गईं। विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया। इस दौरान मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत और 4 के लापता होने की खबर है। तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पानी भर गया। यहां मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। सहस्त्रधारा में 5 लोगों को बचाया गया। SDRF, NDRF और स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं।

**हिमाचल के धर्मपुर बस स्टैंड में मलबा भरा, मंडी में 3 की मौत**

हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड



से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया। यहां बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गई। सोमवार को भारी बारिश ने महाराष्ट्र के मुंबई में रेलवे ट्रैक, सब-वे और सड़कों पर पानी भर गया। बीड में 11 ग्रामीणों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया।

**जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर ट्रक फंसे**

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (एनएच-44) पर कश्मीर जाने वाले ट्रक कई स्थानों पर फंसे हुए हैं। जखनी क्षेत्र से आगे हाईवे पर भारी वाहनों की एंट्री रोक दी गई है। जिले में लैंडस्लाइड और पत्थर गिरने से क्षतिग्रस्त हुए हाईवे की मरम्मत का काम जारी है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के राजौरी में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के कारण टूटी कोटरंका-खवास रोड के मरम्मत का कार्य शुरू हो गया। लेकिन इसके साथ ही कोटरंका-खवास रोड की जगह नई सड़क बनाई जाएगी।कोरनाटाका के अतिरिक्त उपायुक्त दिलमीर चौधरी ने बताया कि प्रशासन ने कई जगहों पर मेडिकल कैंप लगाए गए हैं। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश के कारण तीन नेशनल हाईवे समेत 650 सड़कें और 1205 डीटीआर बंद हैं। राज्य में 87 पुल टूट गए हैं। वहीं पिछले 24 घंटों में बारिश के बाद 160 पेयजल आपूर्ति योजनाएं ठप हो गई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि 20 जून से बारिश से संबंधित घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में 409 लोगों की मौत हो चुकी है। कई जिलों में 473 लोग घायल और 41 लापता हैं। 2100 से ज्यादा जानवर मारे गए।

## श्री रामाकृष्णा महाविद्यालय टेक्निकल विंग, करही में आयोजित हुई महिला एवं पुरूष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता



उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा

महाविद्यालय में फिट-फेस्ट के अंतर्गत दिनांक 09.09.2025 को महिला एवं पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की क्रमशः 6-6 टीमों ने अपना जौहर दिखाया।
महिला वर्ग में लीग स्टेज से फार्मेसी गर्ल्स एवं एम.बी.ए. गर्ल्स ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल मैच में फार्मेसी संकाय की छात्राओं ने जीत सुनिश्चित की एवं एम.बी.ए. की छात्राएं उपविजेता रहीं।
इसी प्रकार पुरूष वर्ग लीग स्टेज में पॉलीटेक्निक इलेक्ट्रिकल एवं पॉलीटेक्निक माइनिंग ब्रांच की टीमों ने फाइनल में अपनी जगह बनाई, जिसमे पॉलीटेक्निक इलेक्ट्रिकल ब्रांच की टीम विजेता एवं माइनिंग की टीम उपविजेता रही।
इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री शम्मी पुरी, श्री रामा कृष्णा ग्रुप डायरेक्टर श्री शाश्वत पुरी ने समस्त खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही समस्त प्रतिस्पर्धाओं के दौरान टेक्निकल विंग डायरेक्टर डॉ. अग्निवेश अग्निहोत्री, एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे, फर्स्ट ईयर डीन श्री अभय मिश्रा, हायर सेमेस्टर डीन श्री दीपेश निगम, फार्मेसी डीन डॉ. अमित पाण्डेय, समस्त विभागाध्यक्ष, स्टाफ मेंबर्स एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# स्वदेशी व्यापारिक जुटान के दो दिवसीय कार्यक्रम में उपस्थित मध्यप्रदेश जबलपुर ने अपनी सहभागिता दर्ज की

उद्घोष समय जबलपुर, अंकित शर्मा

कॉनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के तत्वावधान में नागपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी जुटान आज उत्साह और ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। देशभर से आए 40 से अधिक प्रमुख व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और हजारों व्यापारियों ने इस जुटान में भाग लेकर भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और व्यापारिक जगत को सशक्त बनाने हेतु गहन मंथन किया। इस दो दिवसीय आयोजन का केंद्र बिंदु रहा – 'स्वदेशी संकल्प', जिसके तहत सर्वसम्मति से यह मत रखा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और मज़बूत बनाने के लिए देश में बने उत्पादों की खपत बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। व्यापारियों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने व्यवसायों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे और उपभोक्ताओं को भी स्वदेशी वस्तुएं खरीदने हेतु प्रेरित करेंगे।
इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया ने कहा, ÷भारत के खुदरा बाजार का सबसे बड़ा आधार हमारे देश के छोटे और मध्यम व्यापारी हैं, जो हर कस्बे, हर गली-मोहल्ले में उपभोक्ताओं तक आवश्यक



वस्तुएँ समय पर पहुंचाते हैं। दुर्भाग्यवश वर्षों से उन्हें 'छोटा व्यापारी' कहकर उनका महत्व कम आँका गया है, जबकि यही वर्ग देश की आर्थिक रीढ़ है। अब समय आ गया है कि हम बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बजाय अपने देशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और स्वदेशी व्यापार को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार बनाएं।÷ कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं संसद सदस्य श्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, ÷प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को मूर्त रूप देने के लिए व्यापारियों को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। अब हमें केवल व्यापार करना नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य का निर्माण करना है। हम हर राज्य, हर जिले और हर कस्बे में 'स्वदेशी व्यापारी जुटान' का आयोजन करेंगे और 'स्वदेशी संकल्प यात्रा' के माध्यम से जन-जन तक यह संदेश पहुँचाएंगे। यह अभियान देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा और लाखों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगा।÷ स्वदेशी व्यापारिक जुटान कार्यक्रम में कैट जबलपुर से प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी, सीमा सिंह चौहान, डॉक्टर मुक्तेश्वरी पचौरी, ने उपस्थित होकर सर्व सहमति से कई विषयों पर चर्चा की गई,
इन्होंने बताया कि

### अभियान की प्रमुख घोषणाएं

व्यापारी जुटान के समापन सत्र में निम्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए – स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के तहत देशभर में जिला, तहसील और कस्बा स्तर तक 'स्वदेशी व्यापारी जुटान' आयोजित किए जाएंगे। एक राष्ट्रीय समिति का गठन कर देशभर में स्वदेशी संकल्प यात्रा और स्वदेशी मेले आयोजित किए जाएंगे अभियान को सशक्त बनाने हेतु पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में डिजिटल स्वदेशी हेतु एक केंद्रीय कार्यालय स्थापित किया जाएगा। अभियान के लिए संसाधन जुटाने हेतु स्वदेशी व्यापार कोष का निर्माण किया जाएगा। ऑल इंडिया मोबाइल रिटेल एसोसिएशन (ढ्ढरूक्र) के चेयरमैन कैलाश लखियानी ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार से हो रही, समस्याओं को देखते हुए ई-कॉमर्स के लिए एक स्वतंत्र नियामक आयोग के गठन की मांग सरकार से की जाएगी, जिससे ऑनलाइन व्यापार व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया जा सके। एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी जो संपूर्ण अभियान के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार करेगी।

### देशभर से व्यापक सहभागिता

इस महत्वपूर्ण जुटान में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, कैट, व्यापारी सुरक्षा फोरम, हॉकर्स जॉइंट एक्शन कमेटी, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) सहित देशभर के 40 से अधिक व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर स्वदेशी संकल्प को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया।

## अमर ज्योति की प्रेरणा से सिद्धेश्वर सिंह बनाफर ने लिया देहदान का संकल्प




उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा

सतना। अमर ज्योति संस्था की प्रेरणा से सिद्धेश्वर सिंह बनाफर ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि ÷इस मातृभूमि ने मुझे सब कुछ दिया है, अब मेरा भी दायित्व है कि आने वाली पीढ़ियों को कुछ दे सकूं। इसी उद्देश्य से मैंने देहदान का संकल्प लिया है।÷
यह संकल्प मेडिकल कॉलेज के अध्ययनरत छात्रों के लिए मानवता की सेवा का एक अनुपम उदाहरण है।
संयोजक मनोहर डिगवानी ने इस अवसर पर कहा कि ÷देहदान मानवता की सेवा के लिए श्रेष्ठ दान है, क्योंकि इससे मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। यह दुर्लभ संकल्प है, जिसे हजारों में से कोई एक ही लेता है।÷
सदस्य श्यामलाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि अमर ज्योति संस्था ने नेत्रदान के साथ-साथ देहदान की अलख जगाने का बीड़ा उठाया है। अब तक 60 लोग मरणोपरांत देहदान का संकल्प ले चुके हैं, जिनमें से 3 देह मेडिकल कॉलेज को सौंपी भी जा चुकी हैं।
संकल्प अवसर पर संयोजक मनोहर डिगवानी, मनोज अरोरा और श्यामलाल गुप्ता श्यामू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी महोत्सव 2025 जब विश्व में भाषाएं काल कवलित हो रही हैं तब हिन्दी हो रही समृद्ध

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में हिन्दी महोत्सव 2025 के तृतीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कला संकायाध्यक्ष डा. धीरेन्द्र पाठक ने कहा कि जब पूरे विश्व में भाषाएं काल कवलित हो रही हैं, तब हिन्दी भाषा समृद्ध होती जा रही है। सबका दायित्व है कि वे हिन्दी भाषा के स्वरूप को बरकरार रखें और हिन्दी भाषा का साथ दें। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन एवं हिन्दी समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखलिश कुमार अग्रवाल, हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, हिन्दी समिति के संयोजक दीपक निगम, प्रतियोगिता के संयोजक-समन्वयक व प्रबंधक मानव संसाधन पराग मिश्रा व सुरेश त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में डा. धीरेन्द्र पाठक को हिन्दी में दिए गए अविस्मरणीय योगदान के लिए हिन्दी समिति द्वारा सम्मानित किया गया।
विद्युत कंपनियां हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध-हिन्दी के समिति के अध्यक्ष पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से नाटकों के मंचन व पुस्तक प्रदर्शनी के आयोजन से बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक हिन्दी महोत्सव से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि




विद्युत कंपनियां हिन्दी के प्रचार-प्रसार और हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। तत्कालिक भाषण में दिखी विचारों की नवीनता-तात्कालिक हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में बीस प्रतिभागियों ने भाग ले कर विश्व मंच पर हिन्दी, हिन्दी का प्रचार-प्रसार सरकारी जिम्मेदारी एवं समाज का कर्त्तव्य, हिन्दी केवल भाषा नहीं, संस्कृति का वाहक भी हिन्दी का उदय और वर्तमान स्वरूप विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों ने उत्साह से विचार व्यक्त कर अपनी वाक् प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि कुछ प्रतिभागियों की मातृभाषा हिन्दी नहीं थी, लेकिन उनके विचार किसी भी रूप में कमतर नहीं रहे।
एक विचार की यात्रा का मंचन-हिन्दी महोत्सव के तृतीय दिवस पर समागम रंगमंडल के द्वारा महेश एलकुंचवार लिखति नाटक एक विचार की यात्रा की प्रस्तुति दी। यह नाटक एक बिखरे परिवार की कहानी है जिसमें वृद्ध मुखिया के अंतिम समय में पूरे परिवार के अंतर्विरोध सामने आते हैं। स्वति दुबे के निर्देशन में हिमांशु तिवारी, वंदित सेठी, अंजली शर्मा, हर्षिता गुप्ता, सृष्टि पोगडे, विश्वजीत कुमार सिंह, अमन कुमार, अन्वेषा पाठक, मोहम्मद हफीज अली, आकाश केशरी, नकुल विश्वकर्मा, आदित्य कुमार, नमन सेन, शशरिंजन, वायके, हार्दकि उइके ने प्रभावशाली अभिनय किया। कार्यक्रम का संचालन क्षमा शुक्ला ने किया। हिन्दी महोत्सव का समापन 17 सितंबर को-मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के हिन्दी महोत्सव 2025 का समापन समारोह 17 सितंबर को अपरांह 3.00 बजे शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय जबलपुर केन्द्र के उपनिदेशक डा. विवेक श्रीवास्तव होंगे। हिन्दी समिति के पराग मिश्रा ने समस्त विद्युत कंपनियों के नियमित, संविदा व बाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से नियोजित कार्मिकों से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने व समापन समारोह में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## पश्चिम मध्य रेल के मुख्य बिन्दु बजट 2025-26 गतवर्ष की तुलना में 1934 करोड़ रूपये का अधिक बजट प्राप्त

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** रेल मंत्रालय द्वारा जारी सभी जोनल रेलवे को आवंटित खर्च एवं प्राप्तियों का विवरण की जानकारी पिंक बुक में अधिसूचित है। इसी तारतम्य में पश्चिम मध्य रेल के बजट 2025-26 के मुख्य बिन्दु पिंक बुक की हाईलाइट्स इस प्रकार है। बजट 2025-26 में पश्चिम मध्य रेल को बजट ग्रान्ट कुल रुपये 11,332 करोड़ का है। जबकि पिछले वर्ष 2024-25 में बजट ग्रान्ट कुल रुपये 9398 करोड़ था। इस प्रकार रुपये 1934 करोड़ का अधिक बजट प्राप्त हुआ है। जिसमें बजट 2025-26 के अंतर्गत पमरे की विभिन्न परियोजनाओं एवं अन्य खर्चे हेतु बजट का आवंटन निम्न प्रकार से किया गया है

1) नई लाइनों के लिए रुपये 3102 करोड़ 75 लाख का बजट ग्रान्ट है, जिसमें प्रमुख परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है।

* ललितपुर - सिंगरौली (541 किमी) - रुपये 1713 करोड़।
* रामगंजमंडी - भोपाल (262 किमी) - रुपये 834 करोड़ 30 लाख।
* इंदौर - जबलपुर (342 किमी) - रुपये 555 करोड़।

2) दोहरीकरण/तिहरीकरण/ कटनी ग्रेड सेपरेटर के लिए रुपये 724 करोड़ 96 लाख का बजट ग्रान्ट है, जिसमें प्रमुख परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है।

* बीना-कोटा (283 किमी) दोहरीकरण - रुपये 89 करोड़ 20 लाख ।
* कटनी-सिंगरौली (261किमी) दोहरीकरण - रुपये 223 करोड़ 50 लाख।
* बीना-कटनी (279 किमी) तीसरी लाइन - रुपये 103 करोड़ 70 लाख।
* कटनी ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट (21.5 किमी) - रुपये 223 करोड़

3) ट्रैफिक फेसीलिटिस के लिए रुपये 393 करोड़ का बजट ग्रान्ट है।
4) लेवल क्रोसिंग वर्क के लिए रुपये 13 करोड़ का बजट ग्रान्ट है।
5) आरयूबी एवं आरओबी - रुपये 496 करोड़ 79 लाख।
6) ट्रैक रिन्यूवल के लिए रुपये 1285 करोड़ का बजट ग्रान्ट है।
7) ब्रिजों वर्क के लिए रुपये 62 करोड़ का बजट ग्रान्ट है।
8) सिगनल एंड टेलीकम्युनिकेशन वर्क के लिए रुपये 317 करोड़ का बजट ग्रान्ट है।
9) इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोजेक्ट्स के लिए रूपये 483 करोड़ 50 लाख का बजट ग्रान्ट है।
10) इलेक्ट्रिकल वर्क के लिए रुपये 74 करोड़ 93 लाख का बजट ग्रान्ट है।

## जबलपुर में रेलवे स्टेशन के साइकिल स्टैंड पर विशाल पेड़ गिरा, कई दोपहिया दबे, लाखों का नुकसान

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर स्थित वाहन स्टैंड पर आज मंगलवार 16 सितम्बर की अपरान्ह 3 बजे के लगभग एक विशाल नीम का पेड़ धड़ाम से गिर गया. जिससे उसके नीचे खड़ी कई गाडियां दब कर क्षतिग्रस्त हो गई. इस घटना से हड़कम्प मच गया. घटना के समय तेज बारिश हो रही थी, इसलिए घटना स्थल पर कोई भी मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी.



घटना के संबंध में बताया जाता है कि अपरान्ह 3 बजे के लगभग जब तेज बारिश हो रही थी, तभी 6 नंबर प्लेटफार्म के बाहर स्थित वाहन स्टैंड व पीडबलूआई स्टोर्स की चहारदीवारी से लगा एक बड़ा नीम का पेड़ अचानक गिर गया. इस पेड़ के नीचे काफी गाडियां खड़ी थीं. जो पेड़ के नीचे दब कर क्षतिग्रस्त हो गई हैं. घटना की जानकारी लगते ही तुरंत ही रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पेड़ काटने वाले को बुलाकर स्टेंड का रास्ता साफ कराया जाता रहा. साथ ही पेड़ के नीचे दबी गाडियों को हटाने का काम जारी रहा.

### अप-डाउनर्स व अन्य लोग रख कर जाते हैं

वाहन स्टैंड पर अप-डाउन करने वाले यात्री व अन्य लोग भी यहां पर वाहन खड़ा करके जाते हैं. जो वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, वे किसके हैं. यह उसके मालिकों के सामने आने पर पता चल सकेगा. लोगों का कहना है कि जिस समय पेड़ गिरा, उस समय तेज बारिश हो रही थी, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई. यदि अन्य समय पेड़ गिरता तो बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता.

## भारतीय रेल में पहली बार प्राचार्य सम्मेलन प्रशिक्षण की गुणवत्ता और आधुनिकता पर विशेष बल

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** भारतीय रेल ने अपने कर्मचारियों के प्रशिक्षण को बेहतर और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसी कड़ी में पहली बार मल्टी डिसिप्लिनरी ज़ोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स (स्र्ड्डंञ्जढ्ढ) के प्राचार्यों का सम्मेलन ट्रैफिक निदेशालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। वर्तमान में भारतीय रेल के कुल 14 स्र्ड्डंञ्जढ्ढ संस्थान फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण देते हैं। यहाँ नए भर्ती कर्मचारियों को शुरुआती कोर्स और कार्यरत स्टाफ को समय-समय पर रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जाती है।
सम्मेलन में प्रमुख चर्चा केस स्टडीज़ के उपयोग पर हुई, जिनके माध्यम से ट्रेन संचालन और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण



पहलुओं को बेहतर तरीके से समझाया जा सके। साथ ही प्रशिक्षण को अधिक संवादात्मक और रोचक बनाने के लिए सिमुलेटर के उपयोग को बढ़ाने पर विचार किया गया। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित फीडबैक संग्रह की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। सम्मेलन में विभिन्न एमडीज़ेटीआई संस्थानों द्वारा तैयार किए गए प्रशिक्षण और लेक्चर वीडियो को एक साझा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, जिससे कर्मचारियों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्राप्त हो सके।
सम्मेलन के अंतर्गत एमडीज़ेटीआई प्राचार्यो को दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का दौरा भी कराया गया। जहाँ उन्होंने मेट्रो रेल प्रशिक्षण पद्धतियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कैब, बोगी एवं सिग्नलिंग सिस्टम्स के सिमुलेटर, ऑटोमैटिक दरवाज़े का सिस्टम और आपातकालीन निकासी प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण विधियों को विस्तार से प्रदर्शित किया गया।
यह सम्मेलन भारतीय रेल की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण ढाँचे को और अधिक आधुनिक, व्यवहारिक एवं उच्च गुणवत्ता वाला बनाया जा रहा है। इससे स्टाफ की दक्षता में वृद्धि होने के साथ-साथ सुरक्षित एवं सुचारु रेल संचालन भी सुनिश्चित होगा।

# इंदौर के बाद अब जबलपुर के मेडिकल अस्पताल में चूहों ने मरीजों को कुतरा

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** इंदौर के बाद अब जबलपुर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में 2 मरीजों के पैर कुतरने का मामला सामने आया है। घटना कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में हुई है। इस मामले में डीन डॉ नवनीत सक्सेना बोले कि 2 मरीजों के साथ मामूली घटना हुई है। गौरतलब है कि इससे पहले इंदौर में इस तरह की घटना सामने आई थी।
मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग के भरती मरीजों के परिजनों ने देर शाम बताया कि मरीजों के पैर में चूहों ने काटा है। इस बात की खबर मिलते ही विभाग अध्यक्ष, अधीक्षक व डीन ने इसकी जांच के निर्देश दिए। शुरुआती जांच में पता चला कि मानसिक रोग विभाग में पदस्थ डॉक्टर व कर्मचारियों ने इसमें भारी लापरवाही बरती है। मानसिक रोग विभाग के भवन में रेनोवेशन का कार्य चल रहा है। ऐसे में विभाग का संचालन अस्थि रोग विभाग के भवन से किया जा रहा है। घटना इसी भवन के प्रथम तल में मौजूद वार्ड की है। गौरतलब है कि हाल ही में इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों के काटने के बाद 2 नवजातों की मौत की घटना सामने आई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लेकर सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। हालांकि स्टेटस रिपोर्ट में ने कहा नवजातों की मौत रेट बाइट से नहीं हुई, ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ जिम्मेदार है।

### डॉक्टर ने शिकायत पर नहीं दिया ध्यान-

बताया जा रहा है कि चूहों के काटने के बाद एक मरीज की शिकायत पर वार्ड में मौजूद डॉक्टर ने इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी थी। लेकिन शिकायत के बाद भी वार्ड में चूहों से निपटने की इंतजाम नहीं किए गए। जिसके चलते दूसरे मरीज के साथ भी घटना हो गई।

### काटने के बाद युवती को लगाए 3 इंजेक्शन-

रेट बाइट का शिकार हुई सिहोरा निवासी 25 वर्षीय रजनी यादव ने बताया कि सिर दर्द की समस्या के बाद उसे मानसिक रोग विभाग में भर्ती किया गया था। रात को चूहे ने पैर में काट लिया, जिससे गहरा लाल निशान बन गया। परिजनों ने बताया कि चूहों ने उनके दोनों पैरों की एडियों को कुतर दिया है। डॉक्टर को बताने पर उन्होंने इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी। जिसके बाद तीन इंजेक्शन



लगे। शनिवार को डिस्चार्ज कर दिया गया।

### महिला के पैर में काटा फिर एड़ी पर किया हमला

एक 50 वर्षीय महिला सरोज मेहरा भी इस लापरवाही का शिकार बनी है। उनके बेटे ने बताया कि मां को इलाज के लिए भर्ती कराया था। 2 दिन बाद ही चूहों ने मां की एड़ी काट ली। अगले दिनए चूहों ने उनके पैरों को भी नहीं छोड़ा और एड़ी पर हमला कर दिया।

### परिजन बोले, दिन में भी घूमते रहते हैं बड़े-बड़े चूहे

नरसिंहपुर जिला के गोटेगांव में रहने वाले जगदीश मेहरा ने सोमवार को मां को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में भर्ती कराया था। उन्होंने बताया कि रात को जब मैं मां के पलंग के नीचे जमीन पर सो रहा था, उस दौरान अचानक ही मां की चीख सुनाई दी। उठकर देखा तो मां के पैरों में चूहे ने काट लिया। इसके बाद दोनों फिर से बिना किसी को कुछ बताए सो गए। थोड़ी देर बाद चूहों ने जगदीश के पैरों में काटा। परिजनों ने फौरन मौके पर मौजूद नर्स को जानकारी दी लेकिन शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। मरीजों का कहना है कि बताया कि सिर्फ रात के वक्त ही नहीं दिन में भी वार्ड में चूहे घूमते नजर आ रहे हैं।

### पेस्ट कंट्रोल करने के दिए निर्देश

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ नवनीत सक्सेना का कहना है कि सोमवार रात को इस विषय की जानकारी मिली है कि मानसिक रोग विभाग में भर्ती कुछ मरीजों के पैरों में चूहों ने काटा है। जिन मरीजों को चूहों ने काटा है उनका इलाज किया जा रहा है। दोनों मरीज पूरी तरह से स्वास्थ्य है, इसलिए उन्हें डिस्चार्ज कर दिया है। घटना जिस मानसिक रोग वार्ड में हुई है। वहां का निरीक्षण अधीक्षक द्वारा किया है। मौके पर पेस्ट कंट्रोल से जुड़ी चीजें जैसे कि केक, गोलियांए प्लेट आदि रखी हुई मिलीं हैं। इसके अलावा भी इंदौर की घटना बाद से लगातार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चूहों पर नियंत्रण रहे। पेस्ट कंट्रोल के लिए ठेका कंपनी को भी निर्देश जारी किए हैं।

# रबी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसको के एक्शन प्लान के अनुसार फील्ड अधिकारी करें कार्य

### एम.पी. ट्रांसकों की 19वीं त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग में एम.डी. सुनील तिवारी के निर्देश

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि फील्ड के अधिकारी आगामी रबी सीजन में बिजली की अनुमानित मांग को देखते हुये प्रदेश में 20000 मेगावाट विद्युत के मद्देनजर हर स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर लें। उन्होंने रबी सीजन की मांग को देखते हुये ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता और निरंतरता बनाये रखने ट्रांसको के रबी सीजन एक्शन प्लान पर गंभीरता से विचार विमर्श किया एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों की माइक्रो मॉनिटरिंग रखी जाये एवं किसी भी विषम परिस्थिति में ट्रांसमिशन नेटवर्क के रिस्टोरेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों, उन पर ट्रिपिंग और सबस्टेशनों के मेंटेनेंस कार्यों की प्रगति के साथ प्रदेश में चल रहे ट्रांसमिशन निर्माण कार्यों की समीक्षा की और इन्हें उच्चतम गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों की क्षमता तथा उन पर लोडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी लाइन या सबस्टेशन में निर्धारित सीमा से अधिक लोड न डाला जाये।

### अपनाई गई तकनीकों का हो सुचारू संचालन

उन्होंने रिव्यू मीटिंग में ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा अपनाई गई विश्व की अत्याधुनिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और सुचारू संचालन पर जोर देते हुये कहा



कि इसके लिये सभी कार्मिक व्यक्तिगत रूचि लें, ताकि उचित लाभ मिल सके।

### कार्यस्थल एवं व्यक्तिगत आचरण में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य से करें कार्य

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने निर्देश दिए की फील्ड के अधिकारी जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को ध्यान में रखकर पूरी सतर्कता और सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस कार्य को पूर्ण करवायें। उन्होंने कंपनी के जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को पुनः स्पष्ट करते हुये कहा कि जीरो एक्सीडेंट न सिर्फ कार्यस्थल के लिये प्रभावी हो बल्कि कार्मिक इसे व्यक्तिगत जीवन में भी अपनाते हुये जीरो व्हीकल एक्सीडेंट का लक्ष्य निर्धारित करें, उन्होंने कार्मिकों का आव्हान किया कि वाहन का उपयोग करते समय सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुसार दो पहिया वाहन चालक हेलमेट और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें ।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : स्वदेशी का संकल्प और राष्ट्र निर्माण के प्रेरक : डॉ. मोहन यादव

**परिश्रम में जो तपा है, उसने ही तो इतिहास रचा है, जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है, उसने ही समय को मोड़ा है, समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है।**



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** यह उद्घोष करने वाले हमारे प्रेरक, मार्गदर्शक और भारत निर्माण के दृष्टा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री जी आज इस विशेष दिवस पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं। उनकी इस यात्रा से प्रदेश को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वे धार जिले के भैंसोला ग्राम में देश के पहले ÷पीएम मित्र पार्क÷ की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वे 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और पोषण अभियान' तथा 'स्वच्छता ही सेवा% पखवाड़े का शुभारंभ करेंगे। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रधानमंत्री जी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करता हूँ।

प्रधानमंत्री जी का संपूर्ण जीवन परिश्रम, पुरुषार्थ और सेवा के प्रेरणादायी संकल्प की यात्रा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से राष्ट्र और समाज सेवा का संकल्प लेकर उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा आरंभ की, जो प्रधानमंत्री के रूप में भी ध्येयनिष्ठ रही है। उनके लिए राष्ट्र प्रथम और सर्वोपरि है। यह उनके राष्ट्र निर्माण और देशहित में लिए गए निर्णयों और नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि आज भारत की गणना विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में हो रही है।

उनके प्रत्येक निर्णय में राष्ट्र की नींव को सशक्त करने की झलक है। कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करना और उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद श्रीरामलला को अपने जन्म स्थान अयोध्या में प्रतिष्ठित करने में उनकी पहल अविश्वसनीय है। उन्होंने एक राष्ट्र, एक पहचान के लिए विभाजनकारी प्रवृत्तियों को समाप्त किया और समाज में एकत्व का भाव स्थापित किया। उनका दूरदर्शी नेतृत्व आधुनिक भारत को आत्मनिर्भर, सुरक्षित, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर प्रेरित कर रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि उनके मार्गदर्शन में जनकल्याण, आर्थिक सुदृढ़ीकरण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं।

प्रधानमंत्री के रूप में दायित्व संभालते ही सबसे पहले उन्होंने देशवासियों के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता अभियान छेड़ा। वे स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर दिल्ली के प्रगति मैदान पहुँचे। गांव-गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर मध्यप्रदेश की जनता भी इस अभियान में जुट गई और गांव से लेकर नगर तक स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बना। इंदौर ने लगातार 8 बार देश में स्वच्छ शहर के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री मोदी जी ने आम नागरिक को आधुनिक चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की, जिससे गरीब और असहाय परिवारों को उपचार में सहायता मिली। इस योजना से 40 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। समाज को अपने सांस्कृतिक गौरव के प्रति आत्मविश्वास उत्पन्न कराने के लिये प्रधानमंत्री जी ने हमें 'विरासत के साथ विकास' का नारा दिया। भारतीय संस्कृति के गौरव और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए उन्होंने लोगों में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई।

मुझे यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि श्री मोदी जी ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। जब उन्होंने कार्यभार संभाला था तब भारत विश्व की ग्यारहवीं अर्थव्यवस्था था। केवल ग्यारह वर्षों में भारत चौथे स्थान पर पहुंचा और अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। तेल आयात, व्यापार, रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार में भारत ने नई मिसाल कायम की है। आयुध निर्यातक देश के रूप में भी भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। %स्पेस टेक्नोलॉजी% में भारत ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर तिरंगा फहराकर विश्व को चकित कर दिया और विज्ञान तथा तकनीक में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि वे जो कहते हैं उसका क्रियान्वयन भी करते हैं। उन्होंने इसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी रिफॉर्म की घोषणा की थी और एक माह के भीतर इसे लागू करने का निर्णय ले लिया। इस फैसले से देश की कर-प्रणाली सरल होगी, महंगाई कम होगी और आर्थिक न्याय के साथ समावेशी विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री जी की आर्थिक नीतियों ने निवेश, उत्पादन और रोज़गार के क्षेत्र में नई संभावनाएं निर्मित की हैं। ये नीतियाँ देशवासियों को राहत देने के साथ वैश्विक स्तर पर भारत के आत्म-सम्मान का प्रतीक बनी। अमेरिका जैसी आर्थिक महाशक्ति ने भारत पर भारी टैरिफ लागू कर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन श्री मोदी जी की रणनीति ने उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। रूस और चीन के साथ सहयोग कर नए व्यापारिक मार्ग स्थापित करना और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधार लागू करना उनकी कुशल और निर्णायक नेतृत्व क्षमता का परिणाम है।

प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि देश का युवा आत्मनिर्भर बने और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए। युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप रोज़गार देने के लिए उन्होंने 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना' लागू की। इसका उद्देश्य साढ़े तीन करोड़ से अधिक युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में युवाओं को कौशल विकास, स्वरोज़गार, स्टार्टअप, तकनीकी नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। मुद्रा योजना के तहत लगभग 52.5 करोड़ छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके व्यवसाय को गति दी गई।

प्रधानमंत्री जी का मानना है कि किसी भी परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएँ लागू की हैं। उज्ज्वला योजना से 10.33 करोड़ से अधिक महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और उन्हें सम्मान जनक जीवन जीने का अवसर भी मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ से अधिक लोगों को संपत्ति का अधिकार मिला। महिला आरक्षण लागू कर उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता को बढ़ावा दिया। %लखपति दीदी अभियान% के माध्यम से 3 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने जनकल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए। %प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना% के तहत 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को निःशुल्क खाद्यान्न दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हुआ। %जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचाया गया। इन योजनाओं ने देश के हर वर्ग को सीधे लाभ पहुँचाया। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' से वे देश के हर जन-मन से जुड़े, हरेक की समस्या को जाना और समाधान पहुँचाने का प्रयास किया। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद का सामना और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने अनेक निर्णय लिए। %ऑपरेशन सिंदूर% से भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया और विश्व को भारत की शक्ति से परिचित कराया। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व सेवा, त्याग, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। उनके द्वारा चलाए गए कार्यक्रमों ने आम नागरिक को राहत दी, स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की, आर्थिक विकास की राह दिखाई, सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने संघर्ष से समाधान, संकट से अवसर और सीमित संसाधनों से वैश्विक प्रतिष्ठा की यात्रा तय की है।

आज प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर हम यह संकल्प लें कि उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करेंगे और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। देश को विश्व शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने सेवा और स्वदेशी का आह्वान किया है। मुझे विश्वास है कि प्रदेश के कपास उत्पादक क्षेत्र में टैक्सटाइल उद्योग के लिए स्थापित होने वाला पीएम मित्र पार्क प्रधानमंत्री जी की स्वदेशी की संकल्पना को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश को मिलने वाले इस आशीर्वाद से हम सभी अभिभूत हैं।

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका कल्याण करने वाले युगदृष्टा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...।

# गुरु तेगबहादुर जी को शहादत को भुलाया नहीं जा सकता : राकेश सिंह

### 350 वें शहादत दिवस पर नगर कीर्तन के संस्कारधानी प्रवेश पर लोक निर्माण मंत्री नंगे पैर चलकर हुए कीर्तन में शामिल



**जबलपुर।** मातृभूमि और सनातन की रक्षा के लिए मुगलो के सामने कभी ना झुकने वाले नवम गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान इसीलिए दिया क्योंकि उन्हें अपना शीश कटाना स्वीकार था पर धर्म परिवर्तन करना नहीं, ऐसे गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, उनकी शहादत का 350 वाँ वर्ष है, और शहादत दिवस पर पुरे देश में नगर कीर्तन निकाला जा रहा है और हम सौभाग्यशाली है कि नगर कीर्तन का प्रवेश हमारी संस्कारधानी में हुआ है, यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने नगर कीर्तन के शहर आगमन के अवसर पर कही।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने नगर कीर्तन में गुरु चरणों में नमन कर कीर्तन में शामिल पंच प्यारो का स्वागत कर कीर्तन में उपस्थित जनों का अभिनन्दन किया इसके बाद श्री सिंह नंगे पैर ही कीर्तन में शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा करने एवं सनातन धर्मालंबियों के धर्म परिवर्तन कराने के विरोध करने पर अपने प्राणो का बलिदान दिया था, उन्होने मुगलिया सल्तनत का विरोध किया। 1675 में मुगल शासक औरंगज़ेब ने उन्हे इस्लाम स्वीकार करने को कहा, पर गुरु साहब ने कहा कि शीश कटा सकते हैं, पर केश नहीं। इस पर औरंगजेब ने सबके सामने उनका सिर कटवा दिया था।

श्री सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। धर्म और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया। यह मानव अधिकारों के लिए दुनिया की पहली शहादत मानी जाती है। जो सभी के लिए एक मिसाल है। उनकी शहादत दिवस पर उन्हें नमन करते हुए नगर कीर्तन में शामिल सभी का अभिनंदन कर हम कृतार्थ हुए है। श्री सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर साहिब जी की धर्मनिष्ठा और त्याग युगों युगों तक भारतीय पीढ़ियों का आदर्श रहेंगे। हम सौभाग्यशाली है कि आगामी तीन दिनों तक कीर्तन पथ गुरुद्वारा प्रेमनगर से गुरुद्वारा माढ़ाताल तक यह यात्रा जबलपुर वासियो को गुरु प्रेरणा से जोड़ेगी।

# मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षरण को लेकर हुई सुनवाई


### कहा पुरानी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले कैसे लागू करेगी सरकार

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में आज प्रमोशन में आरक्षण मामले पर सुनवाई हुई। जिसमें राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया। हाईकोर्ट ने कहा कि जब पुरानी पॉलिसी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, तो फिर नई पॉलिसी आखिर क्यों लागू की जा रही है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने बड़े ही व्यवहारिक तरीके से सवाल पूछे कि पहले रद्द किए प्रमोशन पर नई पॉलिसी कैसे काम करेगी।

हाईकोर्ट ने सरकार का स्पष्टीकरण आने तक सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ये बताने कहा है कि जब उसकी पुरानी प्रमोशन पॉलिसी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और अगर उस पर सुप्रीम कोर्ट का कोई फैसला आता है तो उसे सरकार नई पॉलिसी के रहते कैसे लागू करेगी। हाईकोर्ट ने सरकार से ये भी पूछा है कि जब पुरानी प्रमोशन पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट से यथास्थिति बनाए रखने के आदेश हैं और पुरानी पॉलिसी से हुए प्रमोशन रद्द भी किए गए हैं और नई पॉलिसी में सरकार रद्द हुए प्रमोशन्स को कैसे डील करेगी।

पदोन्नति पर आरक्षण मामले पर सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता की ओर से कहा गया कि अपने सामान्य प्रशासन विभाग के जरिए सरकार ये क्लेरीफिकेशन जारी कर देगी। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से नई प्रमोशन पॉलिसी के तहत प्रमोशन शुरू करने की राहत भी चाही लेकिन कोर्ट ने ऐसा आदेश देने से फिलहाल इंकार कर दिया।

हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार का स्पष्टीकरण आने पर वो 25 सितंबर को इस मामले पर अगली सुनवाई करेगी। बता दें कि मध्यप्रदेश सरकार की प्रमोशन पॉलिसी को जबलपुर हाईकोर्ट ने साल 2016 में असंवैधानिक पाते हुए रद्द कर दिया था जिसके खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। इधर 9 साल से प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण ना मिलने पर सरकार इसी साल 2025 में नई प्रमोशन पॉलिसी ले आई थी जिसे सपाक्स सहित कई याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में चुनौती दे दी थी। याचिकाओं में कहा गया था कि सरकार पुरानी प्रमोशन पॉलिसी के अदालत में विचाराधीन रहते नई पॉलिसी लाई है जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को ओवररुल करने जैसा है। इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने नई पॉलिसी के तहत फिलहाल कोई प्रमोशन ना करने की ओरल अंडरटेकिंग दी थी जिसके चलते नई पॉलिसी को लागू नहीं किया जा सका है। याचिकाकर्ता के वकील अमोल श्रीवास्तव का कहना है कि बहस का पहला पड़ाव भी सरकार पार नहीं कर पा रही है। और जो रूल्स की संवैधानिकता को लेकर जो प्रश्न हैए वहां तक कोर्ट नहीं पहुंच पा रहा है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि सुप्रीम कोर्ट में पुराने रुल्स को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैए तो अगर सरकार की याचिका पूरी हो गई तो फिर इन रुल्स पर क्या इनका क्या प्रभाव होगा। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि हम जीएडी का सरकूलर निकालकर क्लेरिफाई कर देंगेए जिससे कि ये विसंगति दूर हो जाएगी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की डिवीजन बैंच ने तब तक के लिए सुनवाई को टाल दिया है। एडवोकेट अमोल श्रीवास्तव ने बताया कि इसी मामले पर सुनीता जौहरी की भी याचिका लगी हुई हैए उसे भी शामिल करते हुए अब 25 सितंबर को सुनवाई होगी।



याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि फिलहाल नई पॉलिसी से प्रमोशन रुके हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की और से ओरल अंडरटेकिंग जारी रहेगीए क्योंकि जब तक रूल्स में क्लेरीफिकेशन नहीं आ जाता है। बहरहाल हाईकोर्ट ने अब राज्य सरकार से सुप्रीम कोर्ट में लंबित पुरानी पॉलिसी को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है और मामले पर अगली सुनवाई 25 सितंबर को तय कर दी है।

# अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 1 आरोपी गिरफ्तार

### 65 लीटर कच्ची शराब जप्त



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** थाना प्रभारी रांझी श्री उमेश गोल्हानी ने बताया कि दिनांक 15-9-25 की रात्रि झुरझुरू रोड़ पर पुल के पास लड्डू चिरकू के बाड़े के पास एक व्यक्ति अधिक मात्रा में शराब रखे बेचने की फिराक में खड़ा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति 2 कुप्पी रखे दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम सूरज सोनकर उम्र 22 वर्ष निवासी सामुदायिक भवन के पास बापूनगर रांझी बताया जिसके कब्जे में रखीं दोनों कुप्पियों को चैक करने पर लगभग 65 लीटर कच्ची शराब कीमती लगभग 6 हजार 500 रूपये की भरी मिली जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ/शराब के कारोबार में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जोन 1 श्री आयुष गुप्ता (भा.पु.से.), एवं नगर पुलिस अधीक्षक रांझी श्री सतीष कुमार साहू के मार्ग दर्शन में थाना रांझी की टीम द्वारा 1 आरोपी को 65 लीटर कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ पकडा गया है।

उल्लेखनीय भूमिका - आरोपी को अवैध रूप से कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ पकड़े में प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम, चंद्रभान सिंह, आरक्षक मनीष पटेल, अभिषेक की सराहनीय भूमिका रही।

# जन सुनवाई में शिकायतकर्ताओं की पुलिस अधीक्षक ने सुनी शिकायतें

### सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित वैधानिक कार्यवाही हेतु किया निर्देशित'



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु आज मंगलवार दिनॉक 16-9-2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा जन सुनवाई की गयी।

जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि/परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 70 शिकायतें थी। आपके द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को शीध्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों/राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति आकांक्षा उपाध्याय, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री बी एस गोठरिया उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) के निर्देश पर समस्त राजपत्रित अधिकारी कार्यालय, शहर एवं देहात के थानों एवं चौकी में जनसुनवाई करते हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनी गयी।

# डुमना एयरपोर्ट पर मनाया जाएगा यात्री सेवा दिवस, छात्र छात्राओं को विमानतल का निरीक्षण कराया जाएगा

### जागरूकता कार्यक्रम होंगे



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कल बुधवार से देश भर के सभी हवाई अड्डों पर यात्री सेवा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जबलपुर हवाई अड्डे पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें जागरूकता कार्यक्रमों के साथ साथ पौधा रोपण और स्वास्थ शिविर के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

यात्री एवं नागरिक जागरुकता हेतु शहर के गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिकों, यात्रियों, भाविप्रा एवं इसके हितधारकों द्वारा एक वृक्ष माँ के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन, निःशुल्क रक्तदान, मधुमेह, रक्तचाप, बीएमआई जांच शिविर का आयोजन, कक्षा 10 से 12 के स्कूली छात्रों को हवाईअड्डे एवं इसके सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण कराकर विमानन क्षेत्र में उनके भविष्य निर्माण की संभावनाओं पर प्रकाश डालना, हवाईअड्डे के आगमन कक्ष में लोक नृत्यमंडली द्वारा स्थानीय लोकनृत्य का आयोजन करना, जबलपुर हवाईअड्डे पर आगमन करने वाले यात्रियों का तिलक से स्वागत करना, यात्री बच्चों तथा विद्यालय स्तर के बच्चों से देशभक्ति के प्रसंग पर आधारित प्रश्नोत्तरी तथा चित्रकला का आयोजन, हवाईअड्डे के पार्किंग क्षेत्र में ऑटो रिक्शाचालक तथा टैक्सी ड्राईवरों हेतु निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, सेल्फी बूथ एवं फीडबैक फर्म के माध्यम से यात्रियों का टर्मिनल भवन पर उपस्थित विभिन्न सुविधाओं पर अनुभव प्राप्त करना एवं विमानन क्षेत्र के भविष्यगत विस्तार पर उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करना आदि शामिल है।

इस अवसर पर विमानपत्तन निदेशक ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की जबलपुर इकाई के अपने सभी हितधारकों यथा एयरलाइन्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, मेट्रो हॉस्पिटल, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस चिकित्सालय, जबलपुर चिकित्सालय, कदम संस्था, नगर निगम जबलपुर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तथा सभी वाणिज्यिक सहयोगियों के सहयोग से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित यात्री सेवा दिवस के इस कार्यक्रम को देशव्यापी स्तर पर सफल बनाने का आह्वान किया है।

## जिले में 32 केंद्रों पर होगा धान उपार्जन के लिए किसानों पंजीयन.

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 32 केंद्र स्थापित किये गये हैं। पंजीयन केंद्रों का निर्धारण जिला उपार्जन समिति की बैठक में किया गया है। जिले में धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया आज 15 सितंबर से शुरू हो गई है। किसान 10 अक्टूबर, तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन रविवार और शासकीय अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों पर किया जाएगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु किसानों के पंजीयन के लिये जिले में निर्धारित किये गये केंद्रों में आधारताल तहसील के अंतर्गत कृषि उपज मंडी स्थित सहकारी विपणन संस्था को, राँझी तहसील में सेवा सहकारी संस्था उमरिया सोनपुर को तथा कुंडम तहसील में वृहत्ताकर सेवा सहकारी संस्था बघराजी को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

जबलपुर तहसील में स्थापित किये गये पंजीयन केंद्रों में सेवा सहकारी संस्था सिवनी, सेवा सहकारी संस्था मोहास, सेवा सहकारी संस्था सहजपुरी, सेवा सहकारी संस्था सुकरी, सेवा सहकारी संस्था पिंडरई एवं वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था बरगी को शामिल हैं। पनागर तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था नगना, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था सिंगौद, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था कुशनेर पिपरिया एवं सेवा सहकारी संस्था निरंदपुर को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। पाटन तहसील में स्थापित किये गये पंजीयन केंद्रों में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था सरौंद, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सहसन, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था लुहारी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था बोरिया, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था आरछा एवं सेवा सहकारी संस्था कुंवरपुर शामिल हैं। मझौली तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मझौली, सेवा सहकारी संस्था सहजपुरा एवं सेवा सहकारी संस्था लखनपुर को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

शहपुरा तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था शहपुरा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था घुन्सौर, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था सहजपुर, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था बिजौरी एवं सहकारी विपणन संस्था शहपुरा को तथा सिहोरा तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था सिहोरा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मझगवां, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था फनवानी, सहकारी विपणन संस्था मर्या सिहोरा एवं सेवा सहकारी संस्था कछपुरा को पंजीयन को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार इन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन निःशुल्क किया जायेगा। किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे भी करा सकते हैं अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों या सहकारी विपणन संस्थाओं में जाकर भी अपना पंजीयन निन्शुल?क करा सकेगें। जबकि, एमपी ऑनलाइन कियॉस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705